Regarding special package for people who suffered economic loss due to flooding from dam in Raipur Parliamentary Constituency, Chhattisgarh)-laid

श्री बृजमोहन अग्रवाल **(रायपुर) :** मैं मेरे संसदीय क्षेत्र रायपुर (छत्तीसगढ़) के एक बड़े गंभीर विषय को भारत सरकार के समक्ष रखना चाहता हूं । केन्द्र सरकार के उपक्रम एनएमडीसी एवं कोरबा एचसीएल के डैम टूट जाने के कारण लोहा एवं कोल बेस्डयुक्त पानी सैकड़ों गांवों में फैल गया है । ??काले?? पानी के खेतों में फैल जाने के कारण सैकड़ों किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं, जिससे उनको भारी आर्थिक नुकसान हुआ है । मानो किसानों को काले पानी के सजा मिल गई है । वहीं लाल एवं काले पानी के आवासीय इलाकों में जमा रहने के कारण आम लोगों का जीवन भी बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है । बारिश के मौसम में संसदीय क्षेत्र के अलावा छत्तीसगढ़ के अन्य इलाकों में डैम टूटने की घटनाएं लगातार हो रही हैं । इससे बड़ी संख्या में आमजन प्रभावित हो रहा है । अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों और आम जनता में भारी रोष व्याप्त है । मेरा सरकार से निवेदन है कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही हेतु आदेश जारी करवायें । साथ ही किसानों और आमजन को हुई आर्थिक हानि की उचित भरपाई हेतु स्पेशल पैकज की व्यवस्था की जाये ।